### मिलाप मेडिकल सेंटर में मदर्स डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन

# माता से बढ़कर कोई नहीं : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में रविवार को मदर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर की मां नसीमा खातून, पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अनिता दत्त, डॉ. महजबी, डॉ. असजद अंसारी, शोभा साहू आदि ने संयुक्त रूप से किया।




इस मौके पर मंत्री ने कहा कि माताएं सर्वोपरि हैं। जन्मदाता, हमारी प्रारंभिक शिक्षिका से लेकर सब कुछ माता ही हैं। माताओं से बढ़कर कोई नहीं है। माताओं के सम्मान में बड़ी संख्या में बहनों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान का क्या महत्व है यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। रक्त ऐसी मूल्यवान वस्तु है कि लाखों-करोड़ों रुपये में भी खरीदा नहीं जा सकता है। एक व्यक्ति का रक्त ही किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। बड़े-बड़े धनी लोग भी चाहे कि पैसे से रक्त प्राप्त कर ले यह असंभव है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा काफी आगे है। इस अवसर पर डॉ. रागिनी अग्रवाल, डॉ. अरशद अंसारी, डॉ. प्रतिमा, डॉ. प्रीति कुमारी, गुरुदत्त, फुजैल अहमद, पुरन तिवारी, बंदना जसवाल, पूनम केशरी, शिप्रा सोनी रितिका, यूसुफ अंसारी, ब्लड कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, दयानंद ठाकुर, नैन राज, अश्विनी यादव, मटलिंडा लिंडा, ऋषिका कुमारी, कोमल कुमारी, आराधना कुमारी, विभा कुमारी, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

मदर्स डे पर रक्तदान करने वालों में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, सीखा विश्वास, शोभा साहू, शिप्रा भारती, डॉ. असजद अंसारी, डॉ. रवि कुमार, उपेंद्र कुमार, रंजीत केशरी, आकाश आनंद, करीब अंसारी, अमित कुमार, नीलेश तिवारी, गणेश साव, निर्भय तिवारी, अविनाश विश्वकर्मा, शुभम केशरी, गोरख पांडे, हसनैन रजा, शाहिद खान, मुजाहिद रसूल खान, अजीज अंसारी, अजाद अली, लाल मोहम्मद अंसारी, इब्रान खान, अमूल्ला अंसारी आदि शामिल रहे।

# कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर केतार में मनाया गया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार बाजार में कांग्रेसी कार्यकताओं की ओर से कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता की अगुवाई में दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी गेट के समीप पटाखे फोड़े तथा एक दूसरे को जीत की बधाई दी। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद सोनिया- राहुल जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाये।



इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 135 सीटें जीत कर सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी सभी राज्यों में सरकार बनाएगी। उन्होंने कर्नाटक की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने नफरत की सियासत को ठुकरा दिया है और मोहब्बत की सियासत को अपनाया है। मौके पर राम बिचार साहू, प्रदीप कुमार गुप्ता, संजय सिंह खरवार, मनोरंजन गुप्ता छोटन सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, साकीर अंसारी, राजनाथ राम, जसमुदिन अंसारी, महेंद्र पाल, कामेश्वर सिंह, ताजमुल अंसारी, नेहालचंद यादव, सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आदिम जनजाति महिला को दी गई बेबी केयर किट




**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल के चप्पल ली गांव में स्थित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य केंद्र में संजू कुमारी की ओर से आदिम जनजाति महिला सोनी देवी, पति प्रमोद पुरवा का प्रसव सुरक्षित कराया गया। वहीं स्वस्थ लड़की के जन्म के पश्चात संजू कुमारी ने आदिम जनजाति महिला सोनी देवी को बेबी किट केयर उपलब्ध कराई।

बताते चलें कि सरकार ने बेबी किट केयर योजना ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वालों को ध्यान में रखकर बनाई है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति के परिवारों को प्राथमिकता देने का निर्देश सरकार ने दिया है। सरकार का मानना है कि गरीब अनुसूचित जनजाति के लोग जन्म के बाद अपने बच्चों के लिए कई जरूरी सामान नहीं खरीद पाते हैं। खासकर जन्म के बाद बालिकाओं की हिफाजत जरूरी है।

एक बेबी केयर किट पर सरकार 1500 रुपये खर्च कर रही है। इसमें बच्ची के कपड़े के साथ खिलौने, सोने के लिए छोटा बेड, छोटी मच्छरदानी, साबुन, शैंपू, थर्मामीटर, मसाज ऑयल, मोजे, नेलकटर, कान में बांधने वाले कपड़े आदि शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग का निर्देश है कि जन्म के बाद बच्चियों को तुरंत बेबी केयर किट उपलब्ध करा दी जाए। मौके पर सहिया बिमला देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

### पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर लगाया आरोप

# 'सगमा के बीडीओ ने पशु शेड के नाम पर की अवैध वसूली'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सगमा के बीडीओ द्वारा प्रखंड के चैनपुर, घघरी, झुनका व मकरी ग्राम के कई ग्रामीणों से पशु शेड के नाम पर अवैध राशि लेकर उन्हें पशु शेड नहीं दिया गया। उक्त आरोप पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के बाद रविवार को उक्त गांवो में जाकर ग्रामीणों से मिलकर लौटने के बाद चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस को जानकारी देते हुये लगाया। उन्होंने उपायुक्त से बीडीओ द्वारा ली गई राशि वापस कराने व जिन ग्रामीणों से अवैध राशि ली गई है उन्हें पशु शेड दिलाने की मांग की है।




केशरी ने बताया कि चैनपुर ग्राम की सरस्वती देवी पति रामकुमार कुशवाहा, सबिता देवी पति शिवकुमार कुशवाहा, सुशीला देवी पति संतोष कुमार, सतीश कुशवाहा पिता चंद्रमन कुशवाहा, विकेश कुशवाहा पिता चंद्रमणि कुशवाहा से 15-15 हजार रुपये पूर्व मुखिया विनोद राम के माध्यम से बीडीओ द्वारा लिए गए हैं। वहीं संतोष ठाकुर पिता विनोद ठाकुर ने राममूरत के माध्यम से प्रमुख के खाते में 13000 रुपये, तारा देवी पति रामेश्वर ठाकुर ने दिनेश ठाकुर के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 15 हजार रुपये दिये हैं। दिनेश कुशवाहा पिता विनोद कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से 13 हजार रुपये, मीना देवी पति उदय कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 13 हजार रुपये दिये हैं। इसी तरह घघरी ग्राम के एक दर्जन ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम, प्रमुख अजय साव के माध्यम से बीडीओ को 10-15 हजार रुपये अवैध रूप से पशु शेड के नाम पर दिए गए हैं। मकरी ग्राम के ग्रामीणों ने भी पशु शेड के लिये पूर्व मुखिया पति इसहाक अंसारी के माध्यम से राशि दी है। मकरी में 16 योजनाओं का कोडिंग हुआ है लेकिन लाभुकों को कार्य प्रारंभ करने के लिये अभी तक राशि नहीं दी गई है। इसके अतिरिक्त चैनपुर ग्राम निवासी भगवान यादव, अर्जुन गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, बुधु राम, बेनी यादव ने भी प्रमुख के माध्यम से सगमा बीडीओ को 13-13 हजार रुपये दिये हैं। मौके पर मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सुनील कुमार, रमेश प्रसाद, दिनेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# कर्नाटक की जीत से धुरकी के कांग्रेसियों में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर धुरकी में कांग्रेस नेताओं में उत्साह है। लोग जीत की खुशी में पटाखे फोड़ कर व मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हासिल करने पर धुरकी बस स्टैंड के समीप जोरदार नारे के साथ पटाखे फोड़ कर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि मोबिन अंसारी ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की इस जीत पर सोनिया गांधी व राहुल गांधी सहित समस्त कांग्रेसियों को बधाई देते हुए कहा कि राजनीति की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। कर्नाटक की जनता ने यह दिखा दिया कि देश की जाती, धर्म व संप्रदाय के नाम पर बांटने वाले का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर ही बैठना होगा। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा चुनाव में पूरे देश से जनता सामंती ताकतों को उखाड़ फेकेगी व कांग्रेस के नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि मोहब्बत की दुकान खोलने की शुरुआत कर्नाटक से हो गयी है। अब देश के हर राज्यों में कांग्रेस की गूंज सुनाई देगी क्योंकि जनता अब अपना और देश का विकास चाहती है। इस दौरान उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, उपाध्यक्ष शफीक अहमद, यूथ कमेटी अध्यक्ष एक लाख अंसारी, कांग्रेस सेवादल के प्रखंड अध्यक्ष अफरोज अंसारी, बिमला देवी, कलीम अंसारी, संजय यादव, नसीम अंसारी, एकरामुद्दीन अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला टॉपर को मंत्री ने खिलाई मिठाई

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में गढ़वा जिला टॉपर लावण्या प्रकाश को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मिठाई खिलाकर एवं शॉल ओढ़ा कर कर सम्मानित किया।



गढ़वा स्थित आवास पर मंत्री ने लावण्या को सम्मानित करते हुए जिले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। मंत्री ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। आप सब खूब पढ़ें, आगे बढ़े तथा अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। मंत्री ने कहा कि वे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा उनके साथ खड़े हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला संयोजक रेखा चौबे, चंदा देवी, आराधना सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दो महिलाओं ने आत्महत्या करने का किया प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पहली घटना में थाना क्षेत्र के हूर गांव निवासी बिंदेश्वर चौधरी की पत्नी रीना देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर आपस में पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी। इसी बात से आक्रोशित होकर रीना देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं, मेराल थाना क्षेत्र के बऊराहा गांव निवासी बिरझू राम की पत्नी राजकुमारी देवी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि घरेलू किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच आपस में नोकझोंक हुई थी। इसी बात से आक्रोशित होकर राजकुमारी देवी ने कीटनाशक खा लिया। जानकारी मिलने के बाद उसके परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

# नेताओं ने किया सैलून का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय में रविवार को राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद खान व भाजपा नेता कपिल प्रसाद ने संयुक्त रूप से आर्मी लवर हेयर कटिंग सैलून का उद्घाटन किया।



इस मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद खान ने कहा कि आज बहुत खुशी हुई कि पेसा तो ठाकुर का जरूर है, लेकिन समाज से इस सैलून का प्रोपराइटर सोनू रवि के नाम से जाने जाते हैं, जो आईएससी फाइनल कर नौकरी नहीं मिली तो अनुसूचित जाति से होते हुए भी सैलून जैसे प्रतिष्ठान को इस सुदूरवर्ती इलाके खोलने का काम किया है। साथ ही कहा कि इस सैलून में कुशल कारीगरों द्वारा बाल एवं दाढ़ी बनाया जाता है। अब लोगों को फेसियल, ब्लीच, स्क्रब आदि के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। मौके पर रामसागर यादव, फेकू राम, नारायन राम, मानिकचंद राम, राजू मंसूरी, श्याम बिहारी राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विवाद | ग्रामीण भुक्तभोगियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर न्याय की गुहार लगाई

# डोल गांव में कभी भी हो सकता है खूनी संघर्ष

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड के डोल गांव में भूमि विवाद में कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है, जिसे लेकर ग्रामीण भुक्तभोगियों ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर न्याय की गुहार लगाई है।



बताते चलें कि डोल गांव में अवस्थित प्लॉट 2164 में फूलचंद विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, विंध्याचल प्रसाद गुप्ता व सरवन राम द्वारा संथी साह से 50 डिसमिल जमीन केवाला कराई गई थी। इसकी दाखिल खारिज भी हुई थी, परंतु डोल गांव निवासी बसंत विश्वकर्मा द्वारा उक्त जमीन को अपना बताते हुए उक्त जमीन पर एक छोटा सा कराकट का रूम एक ही रात में बना दिया गया, जिसको क्रेता द्वारा गिरा दिया गया। इस मामले में बसंत विश्वकर्मा की पत्नी चिंता देवी द्वारा चिनिया थाने में 8 लोगों पर बलात्कार, छेड़छाड़, डकैती तथा मारपीट का मामला दर्ज कराया गया है। उक्त जमीन के लिए सरकारी अमीन द्वारा पूर्व में भी दो बार मापी कर क्रेता पक्ष की जमीन बताई गई थी तथा बसंत विश्वकर्मा की अन्य प्लॉट 2165 में जमीन बताई गई थी। वहीं उक्त जमीन पर न्यायालय का मामला चल रहा है। उधर बसंत विश्वकर्मा द्वारा चिनिया थाने में 2021 में सुलहनामा भी लिख कर दिया गया था कि उक्त जमीन पर कोई कार्य नहीं करेंगे जब तक न्यायालय का आदेश नहीं आता है और न किसी तरह का निर्माण कार्य होगा। दोनों पक्षों द्वारा लिखित सुलहनामा थाने में देने के बावजूद उक्त जमीन पर बसंत विश्वकर्मा द्वारा सीटानुमा रूम बनाया गया था। उधर गांव के 8 लोगों पर बलात्कार, डकैती, छेड़छाड़ का मामला दर्ज होने पर न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई गई तथा कहा गया है कि हम लोगों को गलत तरीके से फंसाया गया है। हम सभी पुलिस प्रशासन एवं न्यायालय से उचित जांच कर न्याय की मांग करते हैं।

बताते चलें कि बलात्कार के आरोपियों में से 65 से 70 साल के बुजुर्ग के भी नाम शामिल हैं। मौके पर बंसी यादव, राहुल कुमार रवि, शिव शंकर साह, शेर मोहम्मद अंसारी, रामसखी कोरवा, पंचायत के बीडीसी नगेंद्र सिंह, अरुण कोरवा, सिकंदर प्रजापति, सरजू साहू, आनंद विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भवनाथपुर में क्राइम कंट्रोल के लिए चलाया गया वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भवनाथपुर थाना के प्रभारी सहदेव साह ने क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया।



अभियान के दौरान बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी सहदेव साह ने कहना है कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है। वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक दर्जन बाइकों को पकड़ कर थाना लाया गया। वाहन जांच अभियान में एसआई राम प्रसाद इंदवार, कुंदन यादव एएसआई रब्बुल अंसारी, मुनेश्वर राम विरोधी एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## सरकारी स्कूल का हाल : यहां तीन कमरों में पढ़ते हैं सात सौ विद्यार्थी

# एक कमरे में ही 2-3 कक्षाओं के बच्चे करते हैं पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सरकार ने राज्य के स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का लक्ष्य रखा है। विगत दिनों प्रदेश के 80 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया। इन विद्यालयों में भवन समेत अन्य संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। जिले में भी चार उत्कृष्ट विद्यालय खोले गये। मुख्यमंत्री ने इसका ऑनलाइन उद्घाटन भी किया, लेकिन एक ऐसा भी स्कूल है, जहां तीन कमरों में तकरीबन सात सौ बच्चे पढ़ते हैं। आज हम बात कर रहे हैं सदर प्रखंड के धनकारा पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय की।



**विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या 695 :** वर्ष 2013 में इस विद्यालय को मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है। यहां कक्षा एक से दस की पढ़ाई होती है। नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 695 है। कुल 9 शिक्षक यहां पदस्थापित हैं। विद्यालय के दो भवन हैं व कुल कमरों की संख्या 6 है। इनमें से एक कमरा प्रधानाध्यापक का है। एक कमरे को कंप्यूटर लैब एवं एक अन्य कमरे को स्मार्ट क्लास बनाया गया है। बच जाते हैं कुल तीन कमरे। इन तीन कमरों में स्कूल के 695 बच्चे पढ़ाई करते हैं। इससे छात्रों की परेशानी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### विभाग को परेशानी से कराया गया है अवगत : स्कूल प्राचार्य

विद्यालय के प्रधानाध्यापक पिंटू कुमार ने इस संबंध में कहा कि जिले के अधिकारियों को इस परेशानी से अवगत कराया गया है। जिला स्तर से भी विभाग को पत्राचार कर विद्यालय में भवन व कमरे बनाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में ही एक अर्द्धनिर्मित भवन है। उसे विद्यालय के निधि से बच्चों के बैठने के लायक बनाया गया है। यहां कक्षा एक व दो के छात्रों को बैठाया जाता है। शेष कमरों में अन्य बच्चे बैठते हैं। पर्याप्त कमरे नहीं रहने से एक कमरे में दो-तीन कक्षाओं के छात्रों को बैठाना पड़ता है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डमडोया पंचायत के ग्राम डमडोया निवासी उपेंद्र दांगी के 21 वर्षीय पुत्र ऋतिक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। युवक का मौत का कारण परिजन प्रेम प्रसंग बता रहे हैं व शहर के धंगरटोली मोहल्ला स्थित घर में रहते हैं। मृतक के पिता का कहना है कि मेरे पुत्र को उसके साथियों ने ही जहर देकर मार दिया। पूरे मामले को परिजन प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही एक लडकी को लेकर चार दोस्तों के बीच मारपीट हुई थी। बाद में मामले को सलटा लिया गया और फिर चारों में दोस्ती हो गई। उनका कहना है शनिवार रात को भी ऋतिक अपने सभी दोस्तों के साथ खाया पिया था। जब वह घर आकर सोया तो फिर सुबह नहीं उठा। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह मृत पड़ा था। हालांकि उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर



दिया। घटना की जानकारी मिलते ही राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, एसडीपीओ अविनाश कुमार, थाना प्रभारी मनोहर करमाली मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। वहीं भोक्ता सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मामला दुखद है। इसकी जांच कराई जाएगी। दोषी चाहे कोई भी हो बक्शे नहीं जायेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई युवक घायल

**बालूमाथ।** बरियातु थाने के सामने अनियंत्रित बाइक के डिवाइडर से टकरा जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान आनंद लकड़ा, पिता डरविन लकड़ा, चतरा निवासी के रूप में हुई है। उसे बारियातु थाना पुलिस की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है। डॉक्टर के अनुसार युवक के हाथ व सिर में चोट लगी है। यिुवक चतरा से रांची जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हुई।

### बिजली के झटके से युवक हुआ मूर्छित

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज प्रखंड के लावा गड़ा में बिजली के झटके से युवक मूर्छित हो गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार विजय उड़ाव पिता नागेश्वर उराव अपने घर में बिजली फॉल्ट को ठीक कर रहा था। उसी दौरान विद्युत की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मूर्छित अवस्था में उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर किया गया। डॉक्टर के मुताबिक युवक का एक हाथ सुन हो गया है।

### मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक, कार्य में तेजी लाने पर जोर

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। बीडीओ ने सभी मनरेगा कर्मियों को आम बागवानी पर विशेष ध्यान देने पर जोड़ दिया। बीडीओ ने लंबित मनरेगा कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी मनरेगा लाभुकों के घर के पास निर्माण कार्य पूरा होने के लिए 10 जून से पूर्व बालू उठाव कर रखने का निर्देश दिया।

## सड़क किनारे दिखाई देती है स्वच्छता की सच्चाई, महिलाएं परेशान

# ओडीएफ घोषित मयूरहंड में पब्लिक प्लेस शौचालय विहीन

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत योजना अंतर्गत खुले में शौच मुक्त प्रखंड बनाने की कवायद के बीच सभी पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। गांवों में इसका असर देखा जा रहा है, लेकिन इन सब के बीच बाजारों में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बाजारों में सड़कों की स्थिति खुले में शौच की गवाही दे रही है। क्षेत्र के मुख्य बाजार करमा समेत अन्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से बाजार आने वाले लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। हालत ये है कि करमा व मयूरहंड सहित अन्य कई सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही है, लेकिन इस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।

करमा व मयूरहंड बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय का नहीं होना ओडीएफ की तस्वीर बयां करने के लिए काफी है। राजकीय इटखोरी जिहू मुख्य मार्ग पर अवस्थित करमा में करीब एक किलोमीटर लंबे क्षेत्रफल में फैले इस बाजार में हर दिन सैकड़ों लोग रोजमर्रा के कार्य से आते हैं। प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को



साप्ताहिक हाट लगने के साथ एसबीआई शाखा संचालित है। वहीं प्रखंड मुख्यालय एवं थाना व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयूरहंड में होने के साथ झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा संचालित है और रविवार व गुरुवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है, जहां आसपास की कई पंचायतों के लोग प्रत्येक दिन पहुंचते हैं। खासकर महिलाओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मनीष कुमार, रवि रंजन कुमार, अशोक कुमार, चंद्रशेखर कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुजीत कुमार आदि का कहना है कि स्वच्छता अभियान के तहत लगभग घर-घर शौचालय का निर्माण हो चुका है, लेकिन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बाजार को इससे उपेक्षित रखा है। बाजार में शौचालय के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था की सख्त जरूरत है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द इस समस्या पर ध्यान देने की मांग की है।

### छिपादोहार रेलवे ट्रैक से अज्ञात युवक का शव बरामद

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में बरवाडीह छिपादोहर रेलखंड में छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पहचान के लिए युवक के शव की तस्वीर सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यम से प्रसारित की गई है।

### मयूरहंड : हादसे में घायल तिलरा के युवक की रिम्स में मौत

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के तिलरा गांव निवासी चंदन कुमार दास (18), पिता राजेश रविदास पांच दिन पूर्व गंभीर रूप से घायल अवस्था में पंदनी पंचायत के पचघारा सड़क किनारे पाया गया था। उसे परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कहा जा रहा है कि इस घटना को अंजाम दिया गया या दुर्घटना है। हलांकि रांची में पुलिस के समक्ष मृतक युवक के पिता द्वारा मारपीट कर घायल करने का फर्द बयान दिया गया है। वहीं पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह तिलरा पहुंचकर परिजनों से पुछताछ की और घटना की जानकारी ली। कहा कि फर्द बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# 35 योजनाओं का श्रम मंत्री ने किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

दो दिवसीय दौरे के दौरान अंतिम दिन रविवार को झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा करीब सात करोड़ रुपये की लागत से निर्माण होने वाली 35 योजनाओं का जिला मुख्यालय से ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। चतरा सर्किट हाउस में आयोजित ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम में मंत्री ने 13 कब्रिस्तान घेराबंदी, 20 सरना स्थल घेराबंदी, 2 अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही मौके पर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक के बीच ट्रैक्टर वितरण भी किया गया।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जिले में सरकारी प्रावधान के तहत विकास की गंगा बह रही है। श्रम मंत्री द्वारा हंटरगंज प्रखंड के पंचायत मीरपुर, औरु, जोरीकला, औरू, चतरा प्रखंड के पंचायत चतरा, प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत डुमरवार, सिदकी, चंद्रिकला गोविंदपुर, कान्हाचट्टी प्रखंड के पंचायत चिड़ीदिरी, राजपुर, मदगड़ा, गिद्धौर प्रखंड के पंचायत पहरा, सिमरिया प्रखंड के पंचायत कसारी में कुल 13 कब्रिस्तान घेराबंदी योजना का, सिमरिया प्रखंड के पंचायत इचाक, बानासाड़ी, जांगी, कसारी, पत्थलगड़ा प्रखंड के सिमरातरी, टंडवा प्रखंड के साराढू, राहम, नवाडीह, कबड़ा, नवाडीह, धनगड़ा, लावालौंग प्रखंड के सिलदाग, मांधनिया, कोलकोले, रिमी, मांधनीय, कोलकोले, रिमी गांवो में कुल 20 सरना स्थल घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया गया। साथ हीं चतरा के मदरसा रसीदुलउलूम में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण, सिमरिया प्रखंड के जामिया मजहरूल इस्लाम सिमरिया में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में विशेष रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि, समेत अन्य उपस्थित थे।

# आधा-अधूरा रह गया शमशान शेड

### कहां गई राशि? न प्लास्टर है, न ही फर्श बना है, पूरा शेड खंडहर में तबदील

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**

हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा शमशान घाट पर बने सेड का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। आस-पास के ग्रामीणों के अनुसार शमशान घाट पर बना शेड वर्षों से ऐसे ही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आधे-अधूरे कार्यों के फंड की निकासी कैसे हो जाती है और कोई पूछने वाला भी नहीं होता। स्थिति ऐसी है कि शमशान शेड में न प्लास्टर है, न ही फर्श बना है, खंडहर में तबदील हो रहा है। साथ ही आस-पास के कुछ लोगों ने शमशान के नाम पर पारित जमीन का अतिक्रमण भी कर लिया है।

ग्रामीणों ने अधूरे शेड व शमशान भूमि के अतिक्रमण की जांच कराने की मांग उपायुक्त से की है। इसके साथ ही अधूरे शेड के निर्माण कराने की मांग की है। ताजूब की बात यह है कि सांसद व विधायक सह मंत्री के प्रतिनिधि के साथ सभी दलों के प्रखंड व



पंचायत अध्यक्ष नियुक्त हैं। साथ ही पंचायत प्रतिनिधि भी हैं, इसके बाबजूद शमशान शेड के अधूरे कार्य की ओर किसी का ध्यान नहीं जाना संबंधितों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

# कांग्रेसियों ने कर्नाटक में जीत का मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत लैंपस के सामने स्थित कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने कर्नाटक में पार्टी की हुई जीत की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। वहीं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से लेकर पचपेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर तक उत्साह रैली निकाली गई। कांग्रेस पार्टी की कर्नाटक राज्य में जीत होने से लातेहार जिला कमेटी व मनिका प्रखंड कमेटी के कांग्रेस कार्यकताओं



में काफी हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, सुरेंद्र भारती, मनोज यादव, तस्लीम अंसारी, जगजीवन राम, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, अकबर अंसारी, गणेश यादव, गुलाम हुसैन, युवा कांग्रेस मनिका प्रखंड उपाध्यक्ष विशाल कुमार पासवान, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अच्छी खबर | 10.39 करोड़ की आयेगी लागत, विधायक ने की थी पहल

# 15 वर्ष बाद सीएचसी का होगा अपना भवन

**अजित कुमार। बालूमाथ**

पिछले पंद्रह साल से भवन विहीन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को अपना भवन नसीब होने वाला है। प्रखंड कार्यालय परिसर में नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जल्द ही 10 करोड़ 38 लाख 97 हजार नौ सौ रुपये की लागत से बनाई जायेगी। झारखंड भवन निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित एजेंसी ने निविदा भी प्रकाशित कर दी है।

ज्ञात हो कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीर्ण-शीर्ण भवन को तोड़कर 2007-08 में ही नये भवन निर्माण की आधारशीला तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही द्वारा रखी गई थी, परंतु निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री के आदेश से स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। तब से बालूमाथ का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्थायी रूप से जिमखाना भवन में संचालित हो रहा था। पिछले



विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लातेहार विधायक बैजनाथ राम अपने ही दल की सरकार के विरुध सीएचसी भवन निर्माण के सवाल पर चलते सत्र में धरने पर बैठ गए थे। इससे सरकार की बहुत फजीहत हुई थी। निविदा प्रकाशित होने पर बालूमाथ के लोगों में एक नई आस जगी है। सार्थक प्रयास के लिए लोग क्षेत्रीय विधायक बैजनाथ राम को साधुवाद दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा विधायक की यह पहल सराहनीय है। अब कुछ ही दिनों में हम लोगों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का समाधान हो पायेगा।

ज्ञात हो कि बालूमाथ समेत बारियातु, हेरहंज प्रखंड के लिए एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ का है। इस पर बड़ी आबादी के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के समाधान की निर्भरता है। वहीं क्षेत्रीय विधायक बैजनाथ राम के इस कार्य पर साधुवाद देने वालों में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, झामुमो नेता मो इमरान, हाजी तौक ीर अहमद, मिथिलेश सिंह, महेंद्र प्रसाद सोनी, युवा नेता औरंगजेब खान, राजेश यादव, मुनाजिर हुसैन कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर रहमान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. जुबैर, प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, मनोज यादव, श्यामसुंदर यादव, राजन यादव, फिरोज कोरैशी, शाहिद अंसारी, जुबेर कोरैशी, मेराज आलम सहित कई महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हैं।

# 28 मई को किया जाएगा विधायक आवास का घेराव : ओबीसी मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

ओबीसी मोर्चा की ओर से रविवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं संचालन लातेहार प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लातेहार में ओबीसी की संख्या लगभग 50 प्रतिशत होने के बावजूद आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे ओबीसी समाज में आक्रोश है। इसके लिए हम लोगों को मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करने की आवश्यकता है। आंदोलन के प्रथम चरण में 28 मई को लातेहार विधायक एवं मनिका विधायक का आवास घेराव करने का निर्णय लिया गया है। लातेहार जिला स्वतंत्र रूप से ओबीसी आरक्षण के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगा। इस बैठक में श्री संघर्ष समिति झारखंड के महासचिव दिलीप साहू ने बताया कि 7 जिलों




में आरक्षण शून्य होना आश्चर्य की बात है। हम लोग राजनीति का शिकार हुए हैं। इस मामले में जवाब देने की आवश्यकता है।

केंद्रीय महिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनीता साहू ने कहा कि 7 जिलों में जीरो आरक्षण का मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। इसमें महिलाएं भी आगे रहेंगी। मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, रामप्यारे प्रसाद, शिवनंदन यादव, राजीव रंजन प्रसाद, महेश प्रसाद, गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, आफताब आलम, अनूप कुमार, रंजीत कुमार, देवनंदन प्रसाद, सत्यनारायण ठाकुर, शिवदयाल गुप्त, केंद्रीय कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, अनिल यादव, धर्मेंद्र प्रसाद, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद यादव, उत्तम कुमार, मुकेश सोनी, कौशल , राजू यादव, संजीत प्रसाद, नरेंद्र प्रजापति, निरंजन साहू, नरेश यादव, शिवकुमार प्रसाद आदि मौजूद रहे।



# ललित नारायण स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

## पहले दिन 16 साल से ऊपर के बालक एवं बालिकाओं की 1600 मीटर दौड़ हुई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

ललित नारायण स्टेडियम में जला स्थापना दिवस के अवसर पर हो रही चार दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन प्रशिक्षक विनय उरांव द्वारा 16 साल से ऊपर के बालक एवं बालिकाओं की 1600 मीटर दौड़ कराई गई। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 20 तथा बालिका वर्ग में 15 खिलाड़ियों का फाइनल राउंड के लिए चयन किया गया है, जो कि 17 मई को संपन्न होगा। 15 मई को अंडर 14 एज ग्रुप के बालक एवं बालिकाओं की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ आयोजित होगी। 14 साल से कम उम्र के प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं तो उन्हें 7 बजे ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचकर अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही इस प्रतियोगिता के माध्यम से जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनमें से 15 बालक एवं 15 बालिकाओं का चयन कर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतया जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओ के मार्गदर्शन पर होगा। कार्यक्रम में खेल सहयोगी के तौर पर शुभम शाहदेव, रिया कुजुर, विकास महतो, कुलदीप महली, लक्ष्मी कुमारी, मोनिका कुमारी मंजेय उरांव, प्रिया कुमारी, अनिता कुमारी, सुरखी कुमारी, कुंदन साहू, संदीप साहू, पवन बाड़ा, पवन माहली खिलाड़ी मौजूद थे।



# भारतीय संस्कृति के प्रतीक शिखा व जनेऊ : डॉ. कुंजदेव मनीषी

**नवीन मेल संवाददात। लोहरदगा**

गुरुकुल आम सेना महाविद्यालय के उपाचार्य डॉक्टर कुंजदेव मनीषी ने शिखा संस्कृति पर उपस्थित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान बताए कि शिखा से मन एकाग्र होता है। शिखा का स्थल को लघु मस्तिष्क होता है, शिखा और जनेऊ भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। आदिकाल से ही शिखा रखने का विधान है। उन्होंने शाकाहारी आहार अपनाने को श्रेष्ठतम आहार बताए। 14 मई को बौद्धिक कक्षा के दौरान कई विद्वानों ने अपने विचारों से बच्चों को संस्कार, चरित्र निर्माण, सम्यक विचारों पर विचार प्रकट किए। बौद्धिक कक्षा के दौरान रांची के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन गोपाल सिंह, सेवानिवृत प्रो. बी एन घोष, पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, शिक्षक नवनीत गौड़, गणेश शास्त्री ने बच्चों को मार्ग दर्शन किया।









## विराट कवि सम्मेलन में राष्ट्रवादी विचारों में रंग गए कवि

**लोहरदगा।** आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती पर आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर के पांचवें दिन विराट कवि सम्मेलन का आयोजन संध्या में किया गया। कवि सम्मेलन की अगुवाई कुमार संजय कर रहे थे। जिनके सहयोग में मीना बंधन अंकिता सिन्हा, गुरमीत सिंह, चंदन प्रजापति, शालिनी, निवेदिता श्रीवास्तव, खुशबू बरनवाल आदि उपस्थित होकर राष्ट्रवादी कविताओं के जरिए उपस्थित प्रशिक्षुओं, जन समूहों को मनोरंजन के साथ शिक्षा का अलख जगाया। सम्मेलन के संयोजक समाजसेवी गुप्तेश्वर गुप्ता, लाल नवल किशोर साहदेव, सतीश जायसवाल, मंच का संचालन शिक्षक गणेश लाल, गणेश शास्त्री, रविंद्र दत्ता, शंभू शिखर, अजय मोदी, आमसेना के आचार्य कुंजदेव मनीषी, भूषण प्रसाद, गौरी लाल, धर्मराज महतो, गुडूस गुप्ता, उमेश कांस्यकार, डॉ शैलेश, धीरज प्रसाद, बबिता गुप्ता, राजकुमार यादव, अभय भारती, प्रतिभा शास्त्री, खुशी, जया, मानसी, रीमा, कुमार काजल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जहांजी टांड़ में एक माह से खराब है जलमीनार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला के किस्को प्रखंड के भूषाड जहांजी टांड़ में जलमीनार लगभग एक महीने से खराब है। लेकिन गर्मियों के दिन में भी इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि इसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर सामाजिक विचार मंच ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इसे अविलंब ठीक कराया जाए। गर्मी के मौसम के मद्देनजर सभी प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां इस तरह के जल मीनार और चापाकल खराब हैं, एक



उड़नदस्ता बनाकर और पेट्रोलिंग कराकर हर प्रखंड में प्राथमिकता के साथ ठीक कराया जाए ताकि ग्रामीण आम जनता को पेयजल के लिए परेशानी न हो। उक्त जानकारी मंच के कंवलजीत सिंह ने दी।

## मंत्री डॉ. उरांव समापन समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**लोहरदगा।** आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के समापन समारोह में झारखंड सरकार के कैबिनेट एवं वित्त मंत्री स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक आचार्य शरदचंद्र आर्य ने दी उन्होंने बताया कि संध्या 4:00 बजे से समापन समारोह के दौरान कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी प्रशिक्षण के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम में शहर के एवं आसपास जिले के गणमान्य जन भी उपस्थित रहेंगे।

# कैरो के गुड़ी पंचायत में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

पुलिस अधीक्षक लोहरदगा आर रामकुमार के निदेर्शानुसार कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में डायन प्रथा, साईबर अपराध और मॉब लांचिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्रामीणों के बीच जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। गुड़ी पंचायत के गुडी बाघी और नगडा बरवाटोली में लोगों के बीच कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के द्वारा क्षेत्र मे बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित महिला पुरुष के द्वारा अपनी आपबीती भी साझा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में



कुछ लोग ठगी के शिकार हो चुके है। बैठक में पुलिस द्वारा बताई गई बातों को बडे गौर से लोगो ने सुना। कहा कि हमलोग अब किसी प्रकार के अंधविश्वास में आकर अपना नुकसान नहीं करेंगे। हम फ्रॉड को सबक सिखाने का काम करेंगे और इसके प्रति लोगो को भी जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

# कुडू में मां-बाप पर अपने 12 साल के बेटे के कत्ल का लगा इल्जाम

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**

कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला निवासी मां-बाप पर अपने 12 साल के बच्चे को मौत की नींद सुलाने का आरोप लगा है। दबी जुबान में मुहल्ले के ज्यादातर लोग बच्चे की हत्या होने की बात कह रहे हैं, जबकि पुलिस की हिरासत में आरोपी बाप-मां अपने बेटे द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात बता रहे हैं। हर कोई यही कामना कर रहा है कि उनकी बात सत्य हो ताकि मां बाप जैसे पवित्र रिश्ते की मयार्दा बची रहे। फिलहाल दोनों

### मां-बाप बता रहे आत्महत्या, पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

आरोपी पति-पत्नी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर मामले के खुलासे में प्रयास में जुटी है। वहीं बच्चे की मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से लातेहार जिले के कोढास सासंग का रहने वाले हकीम अंसारी का परिवार कुछ वर्षों से कुडू के ब्लॉक मुहल्ले में रह रहा है। परिवार में उसकी दूसरी पत्नी असमिना, पुत्र अन्नू (12) और एक छह वर्ष का पुत्र शामिल है। चार लोगों के परिवार में अकेला मासूम अन्नू ही इतनी कम उम्र के बावजूद इधर-उधर मजदूरी कर अपना घर चला रहा था। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की दूसरी शादी थी और दोनों बच्चे असमिना के पहले पति से हैं। शनिवार 13 मई की रात 12 वर्षीय पुत्र अन्नू की संदिगध परिस्थिति में मौत हो गयी। उसके गले पर रस्सी का निशान पाया गया है।

**सख्ती** भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

# बिना हेलमेट वाले आधा दर्जन चालकों की बाइक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा /लोहरदगा।**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में रविवार को भंडरा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सेमरा मे वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें गाड़ियों के कागजात की गहन जांच के अलावा आर्म्स, हेलमेट एवं मास्क आदि की भी जांच थाना प्रभारी गौतम कुमार व पुलिस जवानों द्वारा की गई। बिना हेलमेट वाले आधा दर्जनों वाहन चालक के बाइक को जब्त किया गया । सभी जप्त बाइक चालक डीटीओ कार्यालय मे फाइन भर कर अपना बाइक छुड़ा सकते है ।वही चार पहिए व दो पहिये वाहन का डिक्की खोलकर आर्म्स आदि की भी जांच की गयी। सभी वाहन मालिक के नाम एवं वाहन का नंबर पुलिस ने रजिस्टर में नोट किया । थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जांच का मकसद अपराध को रोकना है। साथ ही कम उम्र के युवकों द्वारा रफ ड्राइव और उससे होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकना भी है। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि हेलमेट एवं मास्क पहन कर बाइक चलाएं, बाइक का जरूरी कागजात अपने साथ रखें। अन्यथा पकड़े जाने पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। यह जांच अभियान क्षेत्र में लगातार चलाया जा रहा है । उन्होंने सुरक्षा के मानकों का सही से पालन करने का निर्देश दिया ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आपराधिक घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि लगातार सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस द्वारा जांच एंटी क्राइम जांच किया गया। किसी भी वाहन से किसी भी तरह का आपत्तिजनक समान बरामद नहीं हुआ।



# महतो आंदोलनकारियों को करेंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 15 मई को लोहरदगा नगर भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही झारखंड के अस्तित्व, पहचान, इतिहास एवं इज्जत बचाने के लिए संघर्ष करने के संदर्भ में व्यापक चर्चा होगी। उक्त जानकारी देते हुए लोहरदगा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक रामनंदन साहू व अफरोज आलम ने बताया कि लोहरदगा की धरती में झारखंड



आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो का ऐतिहासिक स्वागत व कार्यक्रम होगा। लोहरदगा जिला के आंदोलनकारी आयोग के सदस्य के समक्ष पहचान के सवाल पर अपनी- अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। लोहरदगा जिला के आंदोलनकारियों को गुमराह करने को बेपर्दा भी करेंगे।

